# न्यायालय भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी उदयपुर

**प्रकरण संख्या Ud-D- 23/2016 श्री नाथू बनाम श्री खेती**

| तारीख हुक्म | हुक्म पर कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 17–07–2018 | वकील उभयपक्ष उपस्थित। प्रकरण में हमारे द्वारा यह पाया गया कि अधिनस्थ न्यायालय में विचाराधीन वाद में पत्रावली दिनांक 11–12–2015 को साक्ष्य वादी में लम्बित थी तथा आगामी पेशी दिनांक 23–12–2015 तय की गई थी। दिनांक 23–12–2015 को अपीलान्ट प्रतिवादी के विरूद्ध एक–तरफा कार्यवाही के आदेश होने के बाद दिनांक 30–12–2015 की तारीख को वादी की साक्ष्य में शपथ पत्र लिए जाना वर्णित किया गया है तथा यह भी लिखा गया है, कि जिसकी जिरह नील की गई। आश्चर्यजनक रूप से दिंनाक 30–12–2015 को वादी की साक्ष्य के शपथ पत्र देवा, भग्गा, नाथू, गोवना के 4 शपथ पत्र इस दिनांक को पेश ही नहीं हुए है। बल्कि उन शपथ पत्रों में दिनांक 6–1–2016 होकर वे 6–1–2016 को ही नोटरी पब्लिक से प्रमाणित हुए है। अधिनस्थ न्यायालय ने दिनांक 30–12–2015 को जो शपथ पत्र पेश होना बताया है, वे इस दिनांक को पेश ही नहीं होकर दिनांक 1–6–2016 को पेश हुए है। अधिनस्थ न्यायालय ने त्रुटिपूर्ण रूप से इन शपथ पत्रों को आधार बना कर निर्णय पारित किया है, जो प्रथम दृष्टया त्रुटिपूर्ण है। अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय प्रथम दृष्टया ही उपरोक्तानुसार त्रुटिपूर्ण है।<br><br>अतः अपील अपीलान्ट स्वीकार की जाती है तथा अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय व डिक्री दिनांक 13–01–2016 अपास्त किया जाकर प्रकरण अधिनस्थ न्यायालय को इन निर्देशों के साथ **प्रतिप्रेषित** किया जाता है कि प्रकरण में वादी रेस्पोन्डेन्ट द्वारा पेश शुदा शपथ पत्रों पर अपीलान्ट प्रतिवादी को जिरह का अवसर देकर साक्ष्य प्रतिवादी लेकर तनकीवार निर्णय पारित करें। पक्षकारान अधिनस्थ न्यायालय में दिनांक 18–9–2018 उपस्थित होवें।<br><br>पत्रावलियां बाद पूर्ण प्रविष्टि नंबर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 17–07–2018 को मेरे हस्ताक्षर से खुले न्यायालय में सुनाया गया।<br><br>**( एल.एन. मंत्री )**<br>**भू–प्रबन्ध अधिकारी**<br>**एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी**<br>**उदयपुर** | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |

न्यायालय भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी उदयपुर

**प्रकरण संख्या Ud-D- 23/2016 श्री नाथू** बनाम **श्री खेती**

## डिगरी व सीगे अपील

( ओ.41. रूल 35 जाब्ता दीवानी)

(Civil Procedure Code Appendix 'G'-9)

अज अदालत ................ **भू.प्र.अ. एवं पदेन रा.अ.अ**. ..............मुकाम ...............
**उदयपुर** व इजलास ............ **एल.एन. मंत्री आर.ए.एस.** ........................................

श्री गणेश लाल नागदा पिता श्री कालूलाल नादा निवासी पुला शोभागपुरा रोड़ पटवार मण्डल के पास शोभागपुा स्कूल के सामने तहसील गिर्वा जिला उदयपुर

**बनाम**

श्री भंवर लाल पिता श्री तेजपाल कटारिया निवासी 343 भोपालपुरा उदयपुर (राज0) अन्य 10 व सरकार

अपील नं0 84/2012 बनाराजगी डिगरी अदालत ............ सहायक कलक्टर मु0...... ........ उदयपुर ................ मुकाम मुर्क्खे...........27.............. माह .............02........... 1993

## दावा बाबत

यह अपील व तारीख ...... 15..... माह ......06.......... सन् 2016 रूबरू... पक्षकारान व हाजरी ....श्री सत्य प्रकाश व्यास ....... मिनजानिब अपीलान्ट व ........श्री संजय बोहरा .... . ......... रेस्पोन्डेन्ट समाअत के लिए पेश होकर हुक्म हुआ कि अतः अपील अपीलान्ट दूषित (Defectiv) होने से खारिज की जाती है तथा अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय दिनांक 27–2–1993 यथावत रखा जाता है।

( खर्चा अपीली हाजा का हस्ब तफसील जेल तादादी मुवलिग ....X.... रूपये..... X ......अदा करें, खर्चा मुकदमा मातहत का ..................... X ....................... अदा करें।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत आज तारीख........15..... माह ...06........ 2016 को जारी किया गया।

**(एल.एन.मंत्री )**
**भू–प्रबन्ध अधिकारी**
**एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी**
**उदयपुर**

## खर्चा अपील

| अपीलान्ट | रू0 | पै0 | रेसपोन्डेन्ट | रू0 | रू0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. स्टाम्प अपील ................<br>2. स्टाम्प वकालत नामा.......<br>3. इजराय हुक्मनामा .............<br>4. वकील फीस बाबत .........<br>मीजान ............<br>. | | | | | |

नोट :– इस खर्चे के फार्म पर फरीकेन का कुल खचार्ज अपील का, चाहे डिगरी के जरिये दिलाया गया हो।

# डिगरी व सीगे अपील

( ओ.41. रूल 35 जाब्ता दीवानी)
(Civil Procedure Code Appendix 'G'-9)

अज अदालत ................ **भू.प्र.अ. एवं पदेन रा.अ.अ.** ..............मुकाम ...............
**उदयपुर** व इजलास ............ **एल.एन. मंत्री आर.ए.एस.** .........................................

| | | |
|---|---|---|
| श्री गांगा पिता देवा डांगी<br>निवासी खेड़ी तहसील गिर्वा<br>जिला उदयपुर (राज0)<br>अन्य –2 | **बनाम** | श्री भंवर लाल पिता श्री कालूलाल<br>निवासी गांव खेड़ी तहसील गिर्वा<br>जिला उदयपुर (राज0)<br>अन्य–6 |

अपील मूत नं0 3/2015 बनाराजगी डिगरी अदालत ............भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी ......उदयपुर ....... मुकाम मुर्क्खे...........08.............. माह .............07........... 2015

## दावा बाबत

यह अपील व तारीख ...... 25..... माह ......05.......... सन् 2016 रूबरू... पक्षकारान व हाजरी ....श्री मन्नाराम डांगी ....... मिनजानिब अपीलान्ट व ........श्री ....................................... ......... रेस्पोन्डेन्ट समाअत के लिए पेश होकर हुक्म हुआ कि ........................ प्रकरण में वकील अपीलान्ट द्वारा पेश शुदा आवेदन दफा–152 जाब्ता दीवानी का अवलोकन किया गया तो यह पाया गया कि इस न्यायालय द्वारा जारी डिक्री अन्तर्गत प्रकरण संख्या 46/2004 निर्णय दिनांक 8–7–2010 में अंकित आराजी नं0 3261 रकबा 0. 800 हैक्टर लिपिकीय/टंकण त्रुटि से गलत अंकित हो गया है। इसके स्थान पर आराजी नंबर 3231 रकबा 0.0800 हैक्टर अंकित किया जावे।

( खर्चा अपीली हाजा का हस्ब तफसील जेल तादादी मुवलिग ....X.... रूपये..... X ......अदा करें, खर्चा मुकदमा मातहत का ..................... X ....................... अदा करें।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत आज तारीख........14..... माह ...06....... 2016 को जारी किया गया।

**(एल.एन.मंत्री )**
**भू–प्रबन्ध अधिकारी**
**एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी**
**उदयपुर**

## खर्चा अपील

| अपीलान्ट | रू0 | पै0 | रेसपोन्डेन्ट | रू0 | रू0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. स्टाम्प अपील ................<br>6. स्टाम्प वकालत नामा.......<br>7. इजराय हुक्मनामा .............<br>8. वकील फीस बाबत .........<br>मीजान ............<br>. | | | | | |

नोट :– इस खर्चे के फार्म पर फरीकेन का कुल खचार्ज अपील का, चाहे डिगरी के जरिये दिलाया गया हो।